कार्यालयः नगर पालिका परिषद, बिसौली (बदायूँ)

पत्रांकः– 672 /न0पा0परि0बि0/नि0सू0/2025–26/दिनांकः– 19.2.2026

निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों/फर्मो/एन0जी0ओ0 इत्यादि को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन नगरीय–2.0 के अन्तर्गत आई0ई0सी0 मद में प्राप्त धनराशि से नगर बिसौली को गार्बेज फ्री सिटी बनाने व जनमानस द्वारा घरों पर सूखे व गीले कूड़े को अलग–अलग पृथक्कृत किये जाने तथा स्वच्छता आदतों को विकसित किये जाने हेतु समस्त नगरीय क्षेत्र में सोर्स सेग्रीगेशन अभियान चलाये जाने के सम्बन्ध में भारत सरकार द्वारा प्रेषित गाइडलाइन के अनुसार 05 माध्यमों (Interpersonal Communication (IPC), Mid Media, Mass Media, Social & Digital Media and Strategic Partnership and Collaboration) से जन जागरूकता एवं व्यवहार परिवर्तन का कार्य किया जाना है, जिसके लिए सीलबन्द लिफाफो में निविदाऐं दिनांक 28.02.2026 को समय अपरान्ह 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 20.02.2026 से 28.02.2026 तक समय मध्यान्ह 12:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिसौली पर नकद निविदा मूल्य धनराशि जमा करके क्रय किये जा सकते हैं। उक्त निविदाऐं नगर पालिका परिषद, बिसौली में रखे निविदा बॉक्स में दिनांक 28.02.2026 को प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 2:00 बजे तक डाली जा सकेंगी। निविदाऐं अधोहस्ताक्षरी द्वारा ठेकेदारों/फर्मो/एन0जी0ओ0 इत्यादि की उपस्थिति में दिनांक 28.02.2026 को सायं 4:00 बजे खोली जायेंगी। उक्त कार्य कराने से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी/शर्तें किसी भी समय कार्यालय दिवस में देखी अथवा प्राप्त की जा सकती है।

क्र0 सं0	कार्य का विवरण	शासन द्वारा आगणित राशि (G.S.T. सहित)	धरोहर राशि (5 प्रतिशत)	निविदा का मूल्य (G.S.T. सहित)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	भारत सरकार द्वारा प्रेषित गाइडलाइन के अनुसार 05 माध्यमों (Interpersonal Communication (IPC), Mid Media, Mass Media, Social & Digital Media and Strategic Partnership and Collaboration) से जन जागरूकता एवं व्यवहार परिवर्तन का कार्य। (शासनादेश अनुसार)	3,99,998	20000	400+72=472	शासन द्वारा निर्धारित समयावधि तक

नियम व शर्तें–

1. निविदादाता को निविदा के साथ कार्य से सम्बन्धित निविदा मूल्य की धनराशि नकद जमा करनी होगी।
2. निविदादाता को निविदा के साथ कार्य से सम्बन्धित निविदा धनराशि की 5 प्रतिशत धरोहर राशि निकाय के भारतीय स्टेट बैंक बिसौली के खाता संख्या–11491354094 में नकद जमा/निकाय कार्यालय में नकद जमा उपरान्त जमा की रसीद निविदा के साथ संलग्न करनी होगी।
3. निविदाता को निविदा के नियम व शर्तें स्वीकार करते हस्ताक्षर उपरान्त निविदा प्रपत्रों के साथ सील बन्द लिफाफे में निविदा बाक्स में डाला जाना होगा।
4. निविदादाता को निविदा के साथ आयकर PAN एवं जी0एस0टी0एन0 GSTIN पंजीकरण एवं श्रम विभाग में अधिष्ठान पंजीकरण प्रमाण पत्र की स्व–प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। स्वीकृत निविदा का कार्य निविदादाता को नियत समय–सीमा के अन्दर शासन द्वारा जारी नियमों/निर्देशों के अनुरूप करना होगा।
5. निविदा की दरें समान होने की दशा में उनका निस्तारण लाटरी पद्धति से किया जायेगा।
6. निविदादाता को निविदा के साथ 100 रू0 के स्टाम्प पर स्व–घोषणा पत्र/शपथ पत्र इस आशय का संलग्न करना होगा कि निविदादाता किसी भी संस्था से ब्लैक लिस्टिड नहीं हुए हैं तथा साथ ही उन पर कोई आपराधिक मुकद्दमा व माफिया आदि गतिविधियों के रूप में कोई वाद उनके विरूद्ध किसी मा0 न्यायालय में पंजीकृत नहीं है।
7. निविदा स्वीकृति उपरान्त यदि निविदादाता द्वारा कार्य करने से इन्कार किया जाता है तो निविदा निरस्त करते हुए सम्बन्धित निविदादाता की धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी तथा पालिका पर पड़ने वाला अतिरिक्त व्ययभार इन्कार करने वाले निविदादाता की जनरल जमानत से वसूल किया जायेगा, जिसकी सूचना ठेकेदार/फर्म/एन0जी0ओ0 इत्यादि को पृथक से नहीं दी जायेगी।
8. एकल निविदा एवं समस्त निविदादाताओं के सम्बन्ध में समय–समय पर जारी विभिन्न कार्यालय ज्ञाप/विज्ञप्ति/शासनादेशों/नियमों/आदेशों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
9. शासन के निर्देशों के अनुरूप करों (यथा जी0एस0टी0/आयकर) की व्यवस्था लागू रहेगी।
10. सशर्त निविदा/डाक के माध्यम से प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं होगी।
11. उक्त निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा।
12. निविदा स्वीकृति उपरान्त निविदादाता को स्वयं के व्यय पर 100 रू0 की धनराशि वाले स्टाम्प पर पालिका के साथ अनुबन्ध गठित करना होगा।
13. कार्य सन्तोषजनक होने के उपरान्त ही भुगतान पर विचार किया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बिसौली (बदायूँ)

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
बिसौली (बदायूँ)

क्रमशः..............2....................पर

Scanned by CamScanner

पत्रांक एवं दिनांकः—उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपिः—

1. अपर जिलाधिकारी (प्र0) महोदय, बदायूँ को सादर सूचनार्थ।
2. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, बदायूँ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया उक्त सूचना को नेट पर डालने की कृपा करें।
3. उपजिलाधिकारी महोदया, बिसौली को सादर सूचनार्थ।
4. विज्ञापन प्रवन्धक, अमर उजाला दैनिक, समाचार पत्र को इस आशय से प्रेषित निविदा सूचना का कम से कम स्थान में सरकारी दरों पर प्रकाशन कर, बाद प्रकाशन अखबार की तीन प्रतियों सहित बिल वास्ते भुगतान हेतु कार्यालय में प्रस्तुत करें।
5. कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
6. कम्प्यूटर आपरेटर, नगर पालिका परिषद, बिसौली को इस आशय से प्रेषित की उक्त निविदा को पालिका की वेवसाइड पर अपलोड किये जाने हेतु।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बिसौली (बदायूँ)